


नवभारत 10
इंदौर, सोमवार, 08 सितम्बर 2025


## तरूण विकास दल ने शिक्षकों का किया सम्मान



**निवाली।** नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के तरुण विकास दल द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर कस्तूरबा कन्या वनवासी आश्रम में शिक्षक शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विजयश्री भिड़े वास्कले एवं वाइज शेख को तरुण विकार दल के द्वारा स्मृति चिन्ह सहित शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्षता पुष्पा सिन्हा, मुख्य अथिति बीईओ पीसी शर्मा, विशेष अतिथि कन्हैया सिसोदिया उपस्थित थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार भगवान बंसल ने तरुण विकास दल के द्वारा किए गए सामाजिक के कार्यों के बारे में बताया व प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान करने की बात भी कही। कार्यक्रम में शीतल शर्मा, ओमप्रकाश राठौड़, जगदीश पाटिल, दीनदयाल मेवाडे, मयंक पंडित, पंकज बंसल आदि लोग उपस्थित थे। वहीं पंकज बंसल के द्वारा सभी उपस्थित शिक्षकों सम्मान स्वरूप पेन भेंट की। पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र गोयल के द्वारा किया गया। वहीं आभार विवेक चंदात्रे के द्वारा माना गया।

## अथक प्रयासों से मिली सफलता

**बड़वानी।** शहर के समाजसेवी के अथक प्रयासों और सोशल मीडिया के माध्यम से एक महिला को उसके परिवार से मिलाया गया। समाजसेवी अजित जैन ने बताया कि 3 सितम्बर को शहर के बस स्टैंड से एजेंट बलराम जाधव ने सूचना दी कि एक बुजुर्ग महिला बस स्टैंड पर 2 दिन से सोई हुई हैं। जिस पर मैं तत्काल बस स्टैंड पहुंचा। जहां पता चला कि वृद्ध महिला बीमारी के चलते उठ नहीं पा रही थी। उसे उठाकर जानकारी ली और 108 के माध्यम से अस्पताल ले जाकर चेकअप कराया गया। वृद्ध अम्मा का ब्लड प्रेशर बहुत बड़ा हुआ था। ड्यूटी डॉक्टर मनीष मालवीय ने तत्काल भर्ती कर शुरू कराया। अजित जैन और रोटरी क्लब सचिव ललित जैन ने अम्मा की डिटेल सोशल मीडिया पर शेयर की तब जाकर पुत्र कृष्णा बमनका जो इंदौर में रहते हैं। उन्होंने ने सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन से संपर्क किया। तब जाकर रविवार को मां, बेटे और बहू के साथ अम्मा इंदौर पहुंची। इस सेवा कार्य में अस्पताल प्रशासन का भी सहयोग रहा।

## जिला अस्पताल में नि :शुल्क नेत्र शिविर आज

**बड़वानी।** जिला अस्पताल में सोमवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित होगा। महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि 8 सितंबर को जिला अस्पताल और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के तत्वावधान में मोतियाबिंद और कांचबिंद जांच शिविर का आयोजन होगा। शिविर में आने वाले मरीजों की कोई पूर्व में दवाई या ईलाज चल रहा हो तो साथ लेकर आए। शिविर सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। मरीज के साथ एक परिजन का रहना अनिवार्य है। मरीज व परिजनों का लायंस क्लब बड़वानी द्वारा भोजन कराया जाएगा।

### एक नजर में

## ग्राहक ने होटल कर्मचारी पर झारे से किया हमला

इंदौर. छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है. यहां मालगंज इलाके के एक होटल पर पोहा खाने पहुंचे युवक ने इंतजार करने की बात सुनते ही हंगामा खड़ा कर दिया. आरोपी ने दुकान कर्मचारी पर झारा उठाकर हमला कर दिया और धमकाते हुए वहां से निकल गया. छत्रीपुरा थाने पहुंचे फरियादी राजू धानक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है. राजू अन्नपूर्णा रिफ्रेशमेंट होटल, मालगंज चौराहा पर काम करता है. गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे शैलेन्द्र ठाकुर निवासी धार नाका महू होटल पर आया और पोहा मांगा. जब राजू ने कहा कि थोड़ा समय लगेगा, तो आरोपी गालियां देने लगा. पीड़ित ने गालियां देने से मना किया तो शैलेन्द्र ने पास रखा चासनी वाला झारा उठाकर उसके बाएं हाथ पर वार कर दिया. बीच-बचाव करने पहुंचे संतोष पाल को भी आरोपी ने गालियां दीं. जाते-जाते धमकी दी कि आज तो बच गया, आगे तेज चला तो जान से खत्म कर दूंगा. पुलिस ने आरोपी शैलेन्द्र ठाकुर के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## घायल आठवीं के छात्र की चार दिन बाद मौत

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में चार दिन पहले हुए सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं. इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती आठवीं कक्षा के छात्र शुभम ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया. हादसे में उसकी बुआ का बेटा भी घायल हुआ था, जो अब भी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है. शुभम पिता एकराज निवासी फूटी कोठी अपने बुआ के बेटे के साथ बाइक पर फूटी कोठी से चंदन नगर चौराहा की ओर जा रहा था. तभी अचानक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे. नाबालिग शुभम को अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन चार दिन तक जिंदगी से जूझने के बाद उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अब हादसे में शामिल वाहन चालक की तलाश में जुटी है.

## सूने घर और निर्माणाधीन मकान को निशाना बना गए चोर

इंदौर. शहर में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है. बाणगंगा और लसूड़िया थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की दो वारदातों में बदमाश नकदी, जेवर और निर्माण सामग्री ले उड़े. दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी संतोष पांडे निवासी श्री कुशवाह नगर के सूने मकान में 1 सितंबर को चोरी हुई. अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर के भीतर घुसे और अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे सोने के जेवर और 3 हजार रुपए चुरा ले गए. घटना का पता चलने पर फरियादी ने पुलिस को रिपोर्ट दी, जिस पर अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया गया. इधर, लसूड़िया थाना क्षेत्र के बायपास रोड स्थित सफायर टाउन में निर्माणाधीन मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया. फरियादी श्याम प्रताप दुबे निवासी रामबाग की शिकायत के मुताबिक, 3 सितंबर की रात बदमाश वहां से बिजली फिटिंग का सामान और करीब 25 बंडल वायर ले उड़े. लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय रहवासी और मकान मालिक दहशत में हैं. लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त बढ़ाए बिना इस पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा.

## समाजसेवा ही ईश्वरी की सच्ची पूजा : डॉ पटेरिया



**महू.** राष्ट्रीय मानव अधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग की प्रदेश सचिव डॉ. कनक राजेश पटेरिया समाजसेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक नाम हैं. उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद उन्होंने अपना जीवन समाज के उत्थान और मानव कल्याण को समर्पित किया है. 5 सितम्बर 1976 को जन्मी डॉ. पटेरिया ने एम.एससी. (रसायन शास्त्र), मास्टर ऑफ सोशल वर्क तथा बी.एड. की शिक्षा प्राप्त की. शिक्षा के साथ ही उनके जीवन का मूल उद्देश्य हमेशा समाज के वंचित वर्गों की मदद करना रहा. महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष योगदान रहा जिसमें एनआरएलएम के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन की राह दिखाना और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना, अब तक 150 से अधिक बच्चों को शिक्षा हेतु पुस्तकें, यूनिफ़ॉर्म और अन्य सामग्री उपलब्ध कराना, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कैरियर काउंसलिंग कैम्प आयोजित कर बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करना, बच्चों को अवसाद और आत्महत्या जैसी प्रवृत्तियों से बचाकर उन्हें जीवन में सकारात्मक सोच देना प्रमुख रहे. उनके सम्मान और उपलब्धियां हैं - वर्ष 2019 में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा मास्टर रिसोर्स पर्सन के रूप में चयन, आरजीएसए के अंतर्गत विकास योजना का निर्माण, वर्ष 2024 में ग्लोबल नेशन ओपन यूनिवर्सिटी, मुंबई द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित.

# शहर में भव्यता के साथ निकला परम्परागत झांकी चल समारोह

### अखाड़ों की प्रस्तुति और आतिशबाजी ने मन मोहा

**सेंधवा, (नवभारत)।**

शहर में अनंत चतुर्दशी पर परंपरागत झांकी चल समारोह भव्यता के साथ निकला। शनिवार रात 10 बजे से शुरू हुआ यह जुलूस रविवार सुबह 10 बजे तक चलता रहा। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी 24 आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अखाड़ों की शानदार प्रस्तुति और आतिशबाजी से माहौल रोमांचक हो गया।

24 भव्य झांकियों में लव जिहाद, रुक्मिणी हरण, ऑपरेशन सिंदूर, मां नर्मदा, शिवाजी महाराज का रायगढ़ किला, रामसेतु, श्रीकृष्ण लीलाएं, सीता हरण, महाकाल मंदिर, शिव-पार्वती विवाह, बाहुबली हनुमान और प्रेमानंद महाराज जैसी झांकियां शामिल रही।

### अखाड़ों की प्रस्तुति और आतिशबाजी का जादू

विकास आर्य मित्र मंडल की मां नर्मदा झांकी रात 2 बजे मोतीबाग चौक पहुंची। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धून पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। आतिशबाजी ने माहौल को और भी भव्य बना दिया। युवा बरगुंडा एकता संगठन और डॉ अंबेडकर युवा शक्ति ने अखाड़ों की प्रस्तुति दी।









### सुरक्षा और सम्मान

सुरक्षा के लिए एसडीएम आशीष कुमार, एडिशनल एसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी, शहर थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन सहित पुलिस अधिकारी और अतिरिक्त बल तैनात रहे। प्रत्येक झांकी के साथ चार पुलिसकर्मी और पांच वालंटियर्स लगाए गए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सभी झांकियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विहिप जिला अध्यक्ष गिरवर शर्मा और डॉ ललित तंवर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### समिति प्रमुखों का सम्मान

समिति प्रमुख का सम्मान जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के सेंधवा ब्लॉक अध्यक्ष एवं झोपाली से जनपद सदस्य प्रतिनिधि राहुल सोलंकी ने भगवा गमछा ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस अवसर पर आदिवासी प्रदेश प्रवक्ता विजय सोलंकी, जयस सेंधवा महासचिव मन्साराम खरते, देवा जाधव, बाल किशन आर्य, नीलेश चौहान, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष यश ठक्कर, दिलीप सोलंकी, राजेश सोलंकी, चीकू सोलंकी, दिलीप ब्राह्मणे, आकाश ब्राह्मणे सहित कई साथी मंच पर उपस्थित रहे।

**24 भव्य झाकियां निकली**

- शहर में 24 भव्य झाकियां निकाली गई।
- युवाओं ने उत्साहपूर्वक किया नृत्य।

## महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज महिला मंडल कार्यकारिणी चुनाव संपन्न

**सेंधवा, (नवभारत)।** महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज महिला मंडल कार्यकारिणी चुनाव आनंद चतुर्दशी के दिन समाज के सभी सदस्यों की सहमति से पुन: दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए सुप्रिया वैद्य का नाम चुना गया।



### पदाधिकारियों को दी बधाई

अध्यक्ष सुप्रिया वैद्य उपाध्यक्ष सुनीता जोशी उपाध्यक्ष वर्षा उज्जैनकर सचिव संध्या उपासनी सहसचिव कीर्ति उपासनी कोषाध्यक्ष अंकिता ओक सहकोष अध्यक्ष तेजस्विनी जोशी मीडिया प्रभारी अमित जोधपुरकर मुख्य परामर्शदाता मेघा एकडी कार्यकारिणी सदस्य रेखा ओक गोरी लोमटे नम्रता जोशी सोनाली उपासनी संगीता दर्श रोहिणी गोरे रोहिणी जोशी वरिष्ठ मार्गदर्शक पुष्पा देसाई प्रमोदिनी फाठक वसुंधरा उपासनी अलका जोशी प्रतिमा जोशी अभिलाषा भट्ट महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों ने बधाई दी। महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण समाज महिला मंडल का गठन होने पर अब मंडल आगामी कार्यक्रमों की योजना तैयारी करेंगे।

**एक नजर में** | पुलिस थाना क्षेत्रवासियों को अब एडवांस फीचर के साथ मिला नया एफआरवी वाहन

## एफआरवी वाहन व पायलट का विधायक ने किया पुजन

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल 08 सितम्बर.**

पुलिस थाना क्षेत्रवासियों को अब एडवांस फीचर के साथ नया एफआरवी मिला है। शुक्रवार विधायक श्याम बर्डे ने थाना प्रभारी मंशाराम वगेन, तहसीलदार सुनील सिसोदिया के साथ वाहन का पूजन किया और पायलट को भी तिलक लगाकर बधाई दी।



### टीआई व स्टॉफ को दी बधाई

विधायक श्याम बर्डे ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जिले भर में नए एफआरवी वाहनों की सौगात दी है। पानसेमल सहित जिले के अन्य स्थानों पर 13 एफआरवी वाहन नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करेंगे। उन्होंने थाना प्रभारी सहित उपस्थित स्टॉफ को बधाई दी है। थाना प्रभारी मंशाराम वगेन ने कहा आधुनिकता के अनुसार एफआरवी वाहन में सुरक्षा के उपकरणों से युक्त है। पायलट प्रकाश राठौड़ ने बताया कि एफआरवी वाहन में अलग-अलग प्रकार के औजार और काम आने वाले संसाधन भी हैं जिससे आपातकाल स्थिति में अप्रिय घटनाओं से किसी को बचाया जा सकता है। वाहन में एंड्रॉयड फोन, बॉडी कैमरे सहित एडवांस फीचर दिए गए हैं।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान विधायक श्याम बर्डे, तहसीलदार सुनील सिसोदिया, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन, मंगल शामेशाह, चंद्रकांत महाजन, दयाराम पवार, पायलट प्रकाश राठौड़, आरक्षक खुमसिंह धार्वे आदि उपस्थित थे।

### प्रदान करेंगे सुरक्षा

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जिले में नए एफआरवी वाहनों की सौगात दी है। पानसेमल सहित जिले के अन्य स्थानों पर 13 एफआरवी वाहन नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करेंगे। आपातकाल स्थिति में अप्रिय घटनाओं से किसी को बचाया जा सकता है।

# मृत बच्ची के परिजनों का एमवाय में धरना

- एक करोड़ मुआवजे की मांग : पिता
- न्यायिक जांच हो - विधायक

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एमवाय अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की मौत का मामला सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है. आज बच्ची के परिजनों ने एमवाय अस्पताल में धरना दिया और 1 करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की है. वहीं दूसरी तरफ सरदारपुर विधायक ने न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ कारवाई की मांग की है.**

3 सितंबर को एमवाय अस्पताल के एनआईसीयू में चूहों के कुतरने से दो नवजात की मौत हो गई है. इसके बाद एमवाय अस्पताल प्रशासन पर घोर लापरवाही के आरोप लग रहे है. मामला राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है. उक्त मामले को लेकर प्रदेश सरकार का सिरदर्द बढ़ता जा रहा है. नवजातों की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है और बच्ची के परिजन आज इंदौर पहुंचे और एमवाय अस्पताल में धरना दिया. परिजनों ने एमवाय अस्पताल प्रशासन और डॉक्टर पर लापरवाही करने और बच्ची की मौत होने की सूचना छिपाने का आरोप लगाया है. साथ बच्ची को बिना बताए दाह संस्कार करने की योजना बनाने का भी दोषी ठहराया है. इतना ही नहीं बच्ची के पिता ने कहा कि डॉक्टर और अन्य को निलंबित किया जाए. यही मांग बच्ची की मां ने भी कही है.



मामले की न्यायिक जांच हो - प्रताप ग्रेवाल,विधायक- धार जिले की सरदारपुर तहसील से विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि बच्च मेरे विधानसभा के गांव की है. एमवाय अस्पताल प्रशासन की लापरवाही की न्यायिक जांच होना चाहिए. साथ ही अस्पताल डीन और अधीक्षक के साथ दोषियों पर कारवाई कर सस्पेंड करने की मांग सरकार से करते हैं.

> **1 करोड़ रुपए मुआवजे की मांग - बच्ची के माता :पिता**
>
> बच्ची पिता दयाराम और माता मंजूर दयाराम ने बताया कि एमवाय अस्पताल प्रशासन ने हमको अस्पताल से भगा दिया. हमको बच्ची की जानकारी ही नहीं दी कि उसको चूहों ने कुतर दिया और मौत हो गई. जब यह जानकारी लगी तो आज हम इंदौर आए है. हम धार जिले की सरदारपुर तहसील के गांव में रहते है. बिना बताएं ही बच्ची का दाह संस्कार करने वाले थे और जयस के लोगों ने बात की ओर कलेक्टर को सूचित किया. आज हम बच्ची की मौत पर अस्पताल में धरना दे रहे हैं और शासन से 1 करोड़ रुपए मुआवजे की मांग की है.

# दो बाइक भिड़ीं, एक की मौत

- तीन हादसों में कई घायल
- मानपुर में युवक की जान गई

**इंदौर. सड़क पर रफ्तार ने फिर तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं. मानपुर इलाके में शनिवार को आमने-सामने हुई बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए. वहीं, किशनगंज और राजीव गांधी चौराहे पर भी अलग-अलग हादसों में कई लोग अस्पताल पहुंच गए.**

मानपुर थाना क्षेत्र के बिचोली फाटा स्थित भंडारी कोल्ड स्टोरेज के सामने हादसा उस वक्त हुआ, जब शेरकुंड निवासी अर्जुन गिरवाल अपनी मोटरसाइकिल से गुजर रहा था. सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी. जोरदार भिड़ंत में अर्जुन सड़क पर जा गिरा. उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. इस हादसे में राहुल निनामा और सोनाबाई भील घायल हुए हैं. पुलिस ने आरोपी बाइक चालक पर केस दर्ज किया है. इसी तरह, किशनगंज थाना क्षेत्र के फोरलेन रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने लोडिंग रिक्शा को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिक्शा पलट गया. हादसे में ड्राइवर किशोर मालवीय निवासी महू सहित दो युवक घायल हुए. पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. राजीव गांधी चौराहे पर भी कार और एक्टिवा की भिड़ंत में खातीवाला टैंक निवासी राजेंद्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने इस मामले में भी कार चालक पर प्रकरण दर्ज किया है.

# पेट्रोल पंप पर जमकर मारपीट, दोनों पक्षों पर केस

- मैनेजर ने युवती को नौकरी से निकाला, भाई पहुंचे तो भिड़ गए कर्मचारी

**इंदौर. एरोड्रम इलाके के भाटिया पेट्रोल पंप पर जोरदार बवाल हो गया. यहां पंप कर्मियों और एक महिला कर्मचारी के भाइयों के बीच जमकर लात-घूंसे और डंडे चले. विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई.**



विवाद के बाद एक पक्ष से फरियादी अभिषेक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है, उसका आरोप है कि वह अपने भाई दयाराम के साथ बाइक में पेट्रोल भरवाने आया था. इसी दौरान उसने पंप मैनेजर राम चौधरी से पूछा कि उसकी बहन रोशनी काम पर आई है या नहीं. इस पर राम चौधरी ने बहन को गालियां देना शुरू कर दिया. विरोध करने पर राम चौधरी ने कर्मचारियों अश्विन द्विवेदी और प्रेम ठाकुर के साथ मिलकर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया. आरोप है कि राम चौधरी ने दयाराम पर डंडा बरसाया और प्रेम ठाकुर ने अभिषेक को पिंडली में मारा, जिससे दोनों को चोटें आईं. मारपीट के बाद धमकी दी गई कि दोबारा पंप पर दिखे तो जान से खत्म कर देंगे. दूसरी ओर, पंपकर्मी प्रेम ठाकुर ने भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है. उसने बताया कि मैनेजर राम चौधरी ने रोशनी को दो दिन पहले नौकरी से निकाल दिया था. इसी बात को लेकर उसके भाई अभिषेक और दयाराम पंप पर पहुंचे और मैनेजर को गालियां देने लगे. जब उसने विरोध किया तो दोनों भाइयों ने उस पर हमला कर दिया और मैनेजर को भी धमकाया कि बहन को नौकरी से निकाला है, अब जान से मार देंगे. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# बारिश में ढह गया तीन मंजिला मकान

- सिरपुर तालाब कैचमेंट एरिया की घटना, महिलाओं-बच्चों के रोने का वीडियो वायरल

**इंदौर. लगातार दो दिनों से जारी बारिश ने शहर की परेशानी बढ़ा दी है. शुक्रवार देर शाम सिरपुर तालाब के कैचमेंट एरिया स्थित अम्मार नगर में एक तीन मंजिला मकान भरभराकर गिर गया. हादसे के बाद वहां मौजूद परिवार की महिलाओं और बच्चों के चीखते-चिल्लाते व रोते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए.**



तेज बारिश देर रात तक जारी रही इसी बीच सिरपुर तालाब किनारे बसी अवैध कॉलोनी अम्मार नगर में यह हादसा हुआ. मकान ढहने के समय आसपास के करीब 150 घरों में भी पानी भर गया, जिससे लोग पूरी रात परेशान होते रहे. हादसे के बाद जब नगर निगम अधिकारियों से पूछा गया तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की. उनका कहना था कि सिरपुर तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में बनी ज्यादातर अवैध कॉलोनियों में हर बार पानी भर जाता है, यही पानी आगे घरों में घुसता है. निगम अधिकारियों के मुताबिक इसमें नया कुछ भी नहीं है, जबकि हकीकत यह है कि जलजमाव रोकने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल हालात बिगड़ते हैं, लेकिन निगम की ओर से न तो स्थायी समाधान किया गया और न ही भविष्य की कोई योजना तैयार है. इस लापरवाही के चलते अब हादसे भी होने लगे हैं.

## महू गुरु द्रोण अवार्ड, 101 गुरुओं को मिला सम्मान

**महू.** शिक्षक दिवस पर महू ने इतिहास रच दिया। नगर में पहली बार ऐसा अवसर आया जब एक ही मंच से नगर के 101 वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित कर उन्हें महू गुरु द्रोण अवार्ड प्रदान किया गया. यह आयोजन न केवल शिक्षकों के गौरव को बढ़ाने वाला था बल्कि शिक्षा और समाज के बीच गहरे रिश्ते को भी उजागर करने वाला रहा. स्थानीय चोपड़ा वाटिका में आयोजित इस समारोह का वातावरण पूरी तरह से शिक्षकों के सम्मान को समर्पित था। सामाजिक विचार मंच की पहल पर यह कार्यक्रम रोटरी क्लब, भूतपूर्व सैनिक संगठन, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट और इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ. सम्मानित शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्रक भेंटकर अभिनंदन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक ट्रेनर और मोटिवेशनल स्पीकर गौरव सिंह सोलंकी उपस्थित रहे.

## कलश चतुर्दशी पर चल समारोह निकला

**महू.** पर्युषण महापर्व के तहत दिगम्बर जैन समाज ने शनिवार कलश चतुर्दशी पर्व मनाया। शाम को नगर में चल समारोह निकला. वही मंदिरों में कलशाभिषेक भी हुए. नगर के जैन गली स्थित बड़े मंदिर जी, सांघी स्ट्रीट स्थित अजमेरी मंदिर जी, तेरापंथी मंदिर जी और चेत्याल्य जी में सुबह नियमित पूजन के साथ ही शांतिधारा हुई और भगवान वासु पूज्य जी के निर्वाण दिवस पर लाडू चढ़ाए गए. इसके बाद शाम चार बजे से जैन गली से चल समारोह की शुरुआत हुई. बड़े मंदिर जी में कलश की बोली का सौभाग्य नरेंद्र कुमार बाबूलाल जैन परिवार को मिला. चल समारोह जैन गली से होते हुए मोती चौक, फूल चौक, सराफा बाजार, माणक चौक, मैन स्ट्रीट, कोतवाली चौक होते हुए शुरुआत स्थल पर समाप्त हुआ.